अभिभावक एक वयस्क होता है जो एक बच्चे के पालन-पोषण और देखभाल के लिए जिम्मेदार होता है।

# आपकी मदद के लिए संसाधन और सेवाएं

## बच्चे को विदेश ले जाने से रोकने के लिए आवेदन करें

अगर आप किसी को आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड से बच्चे को बाहर ले जाने से रोकना चाहते हैं, तो आप फैमिली कोर्ट में 'ऑर्डर प्रिवेंटिंग रिमूवल (निष्कासन रोकने के आदेश)' के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्णय लेने से पहले एक जज आपके आवेदन पर विचार करेगा।

यदि फैमिली कोर्ट 'निष्कासन रोकने का आदेश' देता है, तो बच्चे को विदेश ले जाने की अनुमति नहीं है। यह आदेश किसी को भी बच्चे के लिए न्यूज़ीलैंड के पासपोर्ट का आवेदन करने से रोकेगा।

अगर कोई आपके बच्चे को न्यूज़ीलैंड से बाहर ले जाने की कोशिश करता है तो पुलिस और सीमा कर्मचारियों को सतर्क किया जा सकता है। यदि आप चाहते हैं कि सीमा पर चेतावनी भेजी जाए, तो जब आप 'निष्कासन रोकने के आदेश' के लिए आवेदन करते हैं, तो आपको 'सीमा चेतावनी अनुरोध' सबमिट (जमा) करना होगा।

**आवेदन पत्र निम्न रूप से प्राप्त करें:**

- **मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस (न्याय मंत्रालय) की वेबसाइट पर जाकर**
- **एक पोस्ट की गई प्रति के लिए 0800 224 733 नंबर पर मुफ्त फ़ोन करके।**

### आप किसी भी समय कानूनी सलाह ले सकते हैं।

यदि आप इस बारे में चिन्तित हैं कि आपके बच्चे को विदेश ले जाया जा रहा है, तो अपने अधिकारों को समझने के लिए एक वकील से बात करना सहायक हो सकता है। यदि आप सुनिश्चित नहीं है कि कहाँ से शुरू करें, तो अपने स्थानीय कम्युनिटी लॉ सैंटर (सामुदायिक कानून केन्द्र) में या **communitylaw.org.nz** पर जाएं।

## कौन आवेदन कर सकता है

'निष्कासन रोकने के आदेश' के लिए कोई भी आवेदन कर सकता है। आमतौर पर, आवेदन करने वाले लोगों में आते हैं:

- बच्चे के माता-पिता या कानूनी अभिभावक
- बच्चे के माता-पिता के पति या पत्नी
- बच्चे का whānau (परिवार और मित्र)
- देखभाल करने वाले, या वे लोग जिनका 'पालन-पोषण आदेश' के तहत बच्चे के साथ दिन-प्रतिदिन संपर्क होता है
- 'पेरेंटिंग ऑर्डर (पालन-पोषण आदेश)' के लिए आवेदन करने वाले हैं।





## फैमिली कोर्ट क्या कर सकता है

किसी बच्चे को बिना अनुमति के विदेश ले जाने से रोकने के लिए फैमिली कोर्ट:

- बच्चे और बच्चे को विदेश ले जाने की योजना बनाने वाले व्यक्ति के सभी पासपोर्ट और यात्रा दस्तावेज जब्त कर सकता है
- आदेश दे सकता है कि बच्चे को आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड से कुछ समय के लिए या कोर्ट (न्यायालय) द्वारा दूसरा कोर्ट आदेश दिए जाने तक बाहर नहीं ले जाया जा सकता
- एक वारंट जारी कर सकता है ताकि पुलिस या एक सोशल वर्कर (सामाजिक कार्यकर्ता) बच्चे को किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहने के लिए ले जा सके जो उसकी देखभाल तब तक करेगा जब तक कि कोर्ट मामले पर कार्रवाई नहीं करती।

### अगर कोर्ट आदेश जारी करता है तो बच्चे को विदेश नहीं ले जाया जा सकता

अगर कोर्ट 'निष्कासन से रोकने का आदेश' देता है, तो बच्चे को आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड से कोई भी बाहर नहीं ले जा सकता है, जिसमें आदेश मांगने वाला व्यक्ति भी शामिल है

यदि आपको किसी भी कारण से बच्चे को आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड से बाहर ले जाने की आवश्यकता है, तो आपको 'निष्कासन रोकने के आदेश' के लिए अपने आवेदन में इसका उल्लेख करना सहायक हो सकता है।

निष्कासन से रोकने का आदेश तब तक लागू रहता है जब तक कि बच्चा या तो 16 वर्ष का नहीं हो जाता, या कोई इसे रद्द करने के लिए जज के पास आवेदन नहीं कर देता।

## अगर बच्चे को पहले ही विदेश ले जाया जा चुका है

यदि आप किसी ऐसे बच्चे के बारे में चिंतित हैं जिसे आपकी सहमति के बिना विदेश ले जाया गया है (या रखा गया है) तो आपको तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। हेग कन्वेंशन के अंतर्गत सैंट्रल अथॉरिटी (केन्द्रीय प्राधिकरण) पहला संपर्क बिंदु है और आपके विकल्पों को समझने में आपकी मदद कर सकता है।

**न्याय मंत्रालय में केंद्रीय प्राधिकरण से संपर्क करें:**

- **04 918 8800 नंबर पर (या +64 4 918 8800 पर यदि आप आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड से बाहर हैं) फोन करें**

## आपको सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है

**अगर आप या अन्य कोई व्यक्ति असुरक्षित महसूस करते हैं तो आप सहायता प्राप्त कर सकते हैं**

- **अगर आप या अन्य कोई व्यक्ति तत्काल खतरे में है तो 111 पर फोन करें**
- **justice.govt.nz/family-violence वेबसाइट पर जाएं**
- **areyouokay.org.nz वेबसाइट पर जाएं**
- **'Are You OK (आर यू ओ के)' को 0800 456 45 नंबर पर मुफ्त फोन करें।**

